परिशिष्ट – II

सुरक्षा संचालन केंद्र की आउटसोर्सिंग

सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) के संचालन की आउटसोर्सिंग में डेटा को एक बाहरी स्थान पर संगृहीत और संसाधित करने तथा तीसरे पक्ष (प्रबंधित सुरक्षा सेवा प्रदाता (एमएसएसपी)) द्‌वारा प्रबंधित किए जाने का जोखिम होता है, जिस पर विनियमित संस्था की दृश्यता कम होती है। जोखिमों को कम करने के लिए, इन निदेशों में निर्धारित नियंत्रणों के अतिरिक्त, विनियमित संस्थानों को एसओसी परिचालनों की आउटसोर्सिंग के मामले में निम्नलिखित आवश्यकताओं को अपनाना चाहिए:

ए) सेवाओं (सिस्टम, सॉफ्टवेयर, सोर्स कोड, प्रक्रियाओं, अवधारणाओं, आदि) को प्रदान करने में उपयोग की जाने वाली आस्तियों के मालिक की स्पष्ट रूप से पहचान करें;

बी) सुनिश्चित करें कि विनियमित संस्था के पास नियम परिभाषा, अनुकूलन और संबंधित डेटा/लॉग, मेटा-डेटा और एनालिटिक्स (विशेषकर विनयमित संस्था के लिए) पर पर्याप्त निगरानी और स्वामित्व हो;

सी) एसओसी की कार्यपद्धति का आकलन करें जिसमें सेवा वितरण में शामिल सभी भौतिक सुविधाओं सहित, जैसे कि एसओसी और ऐसे क्षेत्र जहां ग्राहक के डेटा को समय-समय पर संगृहीत/संसाधित किया जाता है;

डी) विनियमित संस्था की घटना प्रतिक्रिया प्रक्रिया के साथ आउटसोर्स की गई एसओसी रिपोर्टिंग और एस्केलेशन प्रक्रिया को एकीकृत करें; और

ई) चेतावनियों/घटनाओं से निपटने की प्रक्रिया की समीक्षा करें।